



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए इंदौर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का गुरुवार को देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने आत्मीय स्वागत किया। डॉ. यादव एवं श्री नबीन ने इंदौर के रोड शो में जनता का अभिवादन किया। श्री नबीन ने उज्जैन आगमन पर स्वागत के दौरान जनजातीय बंधुओं के ढोल के साथ ताल मिलाते हुए थाली बजाई।

# प्रदेश में स्वामित्व योजना प्रारंभ, 50 लाख लोगों को मिलेगी मुफ्त रजिस्ट्री

**डॉ. यादव एवं भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने इंदौर से किया शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगा संपत्ति का अधिकार**



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मध्य प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के तहत निजी संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री अभियान की शुरुआत गुरुवार को इंदौर से हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर तीन हितग्राहियों को निःशुल्क पंजीयन विलेख प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीण आबादी को उनका अधिकार मिलेगा। प्रदेश के 23 हजार से अधिक गांवों में एक माह तक अभिलेखों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैतृक और अपनी संपत्ति हर परिवार का सपना होता है। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे कामगारों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी है।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण आबादी को स्वाभिमान से जीने का अधिकार देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 68 लाख भूखंडों का सर्वे किया गया है और 50 लाख लोगों को निःशुल्क रजिस्ट्री देकर अधिकार दिलाने की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी योजना को ग्रामीणों के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को संपत्ति का अधिकारिक दस्तावेज मिलेगा और बैंक ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ लेने में सहायता मिलेगी। योजना के तहत निजी संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए सरकार लगभग 4 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। ग्राम और पंचायत स्तर पर तीन चरणों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। पहला चरण 17 से 19 सितंबर, दूसरा 24 से 26 सितंबर और तीसरा 1 से 3 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन प्रक्रिया के लिए पटवारी को निष्पादन अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को पंजीयन अधिकारी नियुक्त किया गया है। रजिस्ट्री पूर्ण होने के बाद विलेख हितग्राही के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान को एक माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# रक्तदान है जीवन का सबसे बड़ा दानः डॉ. यादव

**सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में 290 स्थानों पर लगाए गए रक्तदान शिविर**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय जयप्रकाश चिकित्सालय में आयोजित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।


डॉ. यादव ने रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता मिलती है और कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा यात्रा के सम्मान में मध्य प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान के तहत 290 से अधिक स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में अब तक 6 हजार 744 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे।

## लोक भवन में स्वास्थ्य शिविर 77 लोगों ने किया रक्तदान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को लोक भवन में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शिविर का शुभारंभ किया और विभिन्न जांच एवं परामर्श व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने अपनी बोन मिनरल डेनसिटी (बीएमडी) जांच भी कराई। उन्होंने दंत परीक्षण, फिजियोथेरेपी जांच, बीएमडी जांच, निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और औषधि वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को फल की टोकरी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और छात्र-छात्राओं से चर्चा की। लोक भवन के सांदीपनि सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर में 370 लोगों ने भाग लिया। रक्तदान के लिए 109 लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से चिकित्सकीय जांच के बाद 77 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में 74 लोगों ने दंत परीक्षण कराया, जबकि 125 लोगों की बीएमडी जांच की गई। जांच में 77 लोगों की हड्डियों की स्थिति सामान्य पाई गई। 45 लोगों में ऑस्टियोपेनिया और 3 लोगों में ऑस्टियोपोरोसिस की स्थिति मिली। फिजियोथेरेपी जांच शिविर में 62 लोगों ने भाग लिया।




### • जिला हमारा, जिम्मेदारी दूसरे की...




पिछले दिनों एक बड़े घटनाक्रम पर जब पूरे देश में जमकर छीछालेदर हो रही थी, तब अचानक एक बयान ने सबका ध्यान खींचा। उनके जिले में हुई घटनाओं के लिए दूसरे जिलों के लोग जिम्मेदार हैं। अब कोई साहब से पूछे कि फिर आप यहां क्या कर रहे हैं?

### • खाली पद पर नजर...



एक अनार, सौ बीमार की तर्ज पर बुंदेलखंड क्षेत्र से एक बड़ा पद खाली क्या हुआ, मुख्यालय में बैठे कुछ साहबों के मन में लड्डू फूटने लगे। लेकिन पद एक, दावेदार अनेक। यही कारण है कि सभी यह प्रयास कर रहे हैं कि कौन बाजी मारने में सफल होगा।

### • साहब की गायें बीमार...




राजधानी से लगे हुए एक जिले में पदस्थ एक बड़े साहब की गायें क्या बीमार हुईं, साहब ने रात-दिन एक कर दिया। पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की टीम पूरी कोशिश कर रही है कि साहब की गायें ठीक भी हो जाएं और दूध भी कम न हो।

### • बनने चले थे बड़े साहब...



मालवा क्षेत्र में एक मामले की गूंज भले ही अब कमजोर पड़ गई है, लेकिन उसके परिणाम सामने आते ही आम आदमी का भरोसा कानून पर बढ़ता नजर आ रहा है। हर मामले में एक ही गवाहों के मामले में दोषी ठहराए गए अधिकारियों को अब डिमोशन कर उनके नियमविरुद्ध कार्यों की सजा दी जा रही है।

### • कप्तान साहब की संवेदनशीलता...



पिछले दिनों अपने स्टाफ को एक त्योहार मनाने के लिए दिन भर की छुट्टी देने वाले कप्तान साहब के इस प्रयास की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लेकिन चर्चा से कुछ लोगों को अच्छा लगने से ज्यादा जलन हो रही है, क्योंकि अब हर जिले में महिला अधिकारियों के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत महसूस हो रही है।

### • क्षेत्र का झगड़ा जिले में बदला...



दो थानों में अपने-अपने क्षेत्र से बाहर का अपराध बताने वाले थाना प्रभारी उस समय गंभीर संकट में फंसकर परेशान हो गए, जब मामला आर्थिक निकला। हवाला का कारोबार सामने आने के बाद अब पछताने के अलावा कुछ नहीं बचा।

## रीवा उपचार लापरवाही मामले में कार्रवाई, डॉक्टर की सेवा समाप्त और औषधि निरीक्षक निलंबित

**नप्र, भोपाल :** रीवा में उपचार में लापरवाही और अनियमितताओं के मामलों में जांच के बाद कार्रवाई की गई है। श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनल अग्रवाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

**▸▸ अथर्व ब्लड सेंटर की अनियमितताओं पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश**

डॉ. अग्रवाल के खिलाफ मरीजों को नर्सिंग होम जाने के लिए बाध्य करने संबंधी शिकायत की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी। जांच रिपोर्ट और प्राप्त स्पष्टीकरण के परीक्षण के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। आदेश के अनुसार डॉ. अग्रवाल भविष्य में किसी भी शासकीय या स्वशासी सेवा के लिए अनर्ह होंगी। वहीं, श्रीमती कल्पना मिश्रा की प्रसव के दौरान हुई मृत्यु के मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा गठित जांच समिति की कार्यवाही के बाद औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी को निलंबित किया गया है। उन पर गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला शहडोल निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अथर्व ब्लड सेंटर, रीवा में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित औषधि निरीक्षक के माध्यम से यह कार्रवाई की जाएगी।

# सेमिकॉन इंडिया-2026 में आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री, निवेश पर करेंगे चर्चा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 18 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित सेमिकॉन इंडिया-2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यशोभूमि, नई दिल्ली में स्थापित मध्य प्रदेश राज्य पवेलियन का भ्रमण करेंगे और स्वीडिश एवं जापानी प्रतिनिधिमंडलों के साथ वन-टू-वन संवाद करेंगे।

**▸▸ मध्य प्रदेश पवेलियन का करेंगे भ्रमण, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में साझेदारी पर होगा संवाद**

इस दौरान सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश के अवसरों, प्रौद्योगिकी सहयोग और संभावित साझेदारियों पर चर्चा होगी। संवाद में ऑक्साइड कॉरपोरेशन, स्केल फोटोनिक्स, इम्प्यूट इंक., एक्रिटेक, कैनन, मैकडर्मिड अल्फा, हनव्हा, कैजो और जेनेसेम इंक. सहित विभिन्न कंपनियों और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मध्य प्रदेश सेमिकॉन इंडिया-2026 में स्टेट पार्टनर के रूप में भागीदारी कर रहा है। राज्य पवेलियन में प्रदेश के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम, निवेश संभावनाओं, औद्योगिक क्षमताओं, प्रतिभा आधार और नीतिगत वातावरण को प्रदर्शित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पवेलियन में उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के हितधारकों से भी चर्चा करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र से पारस सेमीकंडक्टर, एचएलबीएस, कास्टएनएक्स और सिक्योर मीटर्स की सहभागिता है। वहीं, आईआईटी इंदौर, आईआईआईटी ग्वालियर, आईटी डीएवीवी और एसजीएसआईटीएस इंदौर अकादमिक एवं अनुसंधान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

सेमिकॉन इंडिया-2026 का आयोजन 17 से 19 सितंबर तक यशोभूमि, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इसमें वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियां, प्रौद्योगिकी संस्थान, निवेशक और अन्य हितधारक शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश इस मंच के माध्यम से निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी, विनिर्माण और नवाचार के अवसरों को प्रदर्शित कर रहा है।

## चिकित्सा महाविद्यालयों की मेस में शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग किचन के निर्देश

**नप्र, भोपाल :** आगामी धार्मिक पर्वों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा महाविद्यालयों की मेस में शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग किचन रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य सभी विद्यार्थियों की धार्मिक भावनाओं एवं आस्थाओं का सम्मान सुनिश्चित करना तथा किसी की भावनाएं आहत न हों, यह सुनिश्चित करना है।

संचालक चिकित्सा शिक्षा के द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि जिन चिकित्सा महाविद्यालयों की मेस में मांसाहारी भोजन बनाया जाता है, वहां शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग किचन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई, 96 लाख की सामग्री जब्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले तीन दिनों में 96 लाख 41 हजार रुपए से अधिक कीमत के मादक पदार्थ, वाहन और अन्य सामग्री जब्त की है। मंदसौर जिले में पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग, डोडाचूरा और तस्करी में प्रयुक्त वाहनों सहित करीब 37 लाख 73 हजार रुपए की सामग्री जब्त की। नीमच में रतनगढ़ थाना क्षेत्र से 1 क्विंटल 41 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। देवास में ऑपरेशन प्रहार के तहत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 24 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। गुना में स्मैक तस्करी के मामले में दो आरोपियों से 50.86 ग्राम स्मैक बरामद की गई। रीवा में ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत 62.388 किलोग्राम गांजा जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**संवाद** *प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके आईपीएस अधिकारियों से बोले- अधीनस्थों का मार्गदर्शन और निष्पक्षता जरूरी*

# प्रभावी पुलिस नेतृत्व में जनता को त्वरित राहत देना जरूरीः मकवाणा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से हाल ही में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 10 सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों से पुलिस नेतृत्व, पर्यवेक्षण और मैदानी कार्यप्रणाली से जुड़े विषयों पर संवाद किया।

डीजीपी ने कहा कि एसडीओपी पहला पर्यवेक्षण अधिकारी होता है, इसलिए पुलिस व्यवस्था को प्रभावी बनाने में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समय पर समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पीड़ित की समस्या को शुरुआती स्तर पर समझकर त्वरित राहत देने का प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी, निष्पक्षता और प्रभावी पर्यवेक्षण के साथ कार्य करने की सलाह दी। साथ ही अधीनस्थों के कार्यों की नियमित समीक्षा कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने को कहा।

डीजीपी ने थानों के नियमित और औचक निरीक्षण पर जोर देते हुए कहा कि थानों में सीसीटीवी कैमरे कार्यशील स्थिति में रहना चाहिए और किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से निरुद्ध नहीं रखा जाए। उन्होंने तकनीक आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही और अपराधों के निराकरण में एनएएफआईएस जैसी तकनीकी सुविधाओं के उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पुलिसिंग और नेतृत्व से जुड़े प्रश्न साझा किए, जिनका डीजीपी ने मार्गदर्शन दिया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com